No. of Printed Pages : 12 **DECE–1**

# DIPLOMA IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (DECE)

## Term-End Examination

## December, 2023

## DECE-1 : ORGANIZING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *(i) Question No. **1** is compulsory.*

*(ii) Answer any **four** questions out of the remaining questions.*

*(iii) All questions carry equal marks.*

---

1. A pre-school teacher has planned to carry out the following activities during a week (five days) with a group of four-year old children :

   (i) Outdoor play

   (ii) Indoor play with blocks, beads, puzzles, toys, etc.

   (iii) Role play

   (iv) Drawing

   (v) Activities on the theme 'fruits'

(vi) Activities to impart number concept upto 5

(vii) Picture reading

(viii) Free conversation

(ix) Rhymes and stories

(a) Plan a week's schedule for the teacher using the above mentioned activities. Each activity should be carried out at least once a week. Some activities can be repeated. Indicate the time slots for activities. Also include time for routine daily activities in the schedule such as arrival, assembly, snacks, washing up, departure.

Use the following format to develop the schedule : 25

| Time | Mon. | Tues. | Wed. | Thur. | Fri. |
|---|---|---|---|---|---|
| 9.00 a.m.–9.30 a.m. | Children arrive, assembly with Yoga and rhymes | | | | |
| 9.30 a.m.–10.00 a.m. | | | | | |
| 10.00 a.m.–10.30 a.m. | | | | | |
| 10.30. a.m.–11.00 a.m. | | | | | |
| 11.00 a.m.–11.30 a.m. | | | | | |
| 11.30 a.m.–12.00 noon | | | | | |
| 12.00 noon–12.30 p.m. | Departure | | | | |

(b) Explain in detail the rationale for the sequence of activities in your schedule, keeping in mind the principles of scheduling activities. 10

(c) Describe *one* activity each that can be organized by the teacher on : (i) theme 'fruits' and (ii) to impart number concept upto 5. 2½+2½=5

2. (a) "Children's play should be the medium of learning in a pre-school." Do you agree with this statement ? Give reasons with examples to support your answer. 10

(b) State the main area of development which is supported by each of the following activities the first one has been given as an example : 5

| | **Activity** | **Area in which development is fostered** |
|---|---|---|
| (i) | Playing with a ball | Gross motor development |
| (ii) | Drawing | |
| (iii) | Matching cards of same colour | |
| (iv) | Predicting if an object will float or sink in water | |
| (v) | Describing the experiences of the holiday | |
| (vi) | Role play | |

3. (a) Explain *five* principles through which a preschool educator can nurture children's creativity. 10

(b) List in only one or two sentences each, any *five* characteristics of preschooler's thinking. 5

4. (a) Describe the stages of language development in the first year of the child's life with examples. 10

(b) Suggest any *five* strategies/activities that a caregiver can organise to enhance the language development of a preschool child. 5

5. You are a preschool educator, incharge of a group of twenty (20) four-year old children. A medium-sized room is available, where you have to carry out the daily activities with children and also store play materials. Explain how you will arrange the space so that you can organize the learning experiences and play activities for children effectively and also store play materials.

You may draw a diagram to support your answer. 15

6. (a) "The child's experiences in the family influence the child's aggressive behaviour." Do you agree with this statement ? Give reasons to justify your answer. 10

(b) What is 'attachment' and why is it important for the child to develop this ? 5

7. Write notes on any ***two*** of the following : 15

(a) Milestones of gross motor development in first two years

(b) Critical periods

(c) Assessing children's progress

(d) Sensori-motor stage of cognitive development

# DECE–1

# प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में डिप्लोमा ( डी. ई. सी. ई. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2023

## डी.ई.सी.ई.-1 : बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *(i) प्रश्न सं.* ***1 अनिवार्य*** *है।*

*(ii) शेष प्रश्नों में से किन्हीं* **चार** *के उत्तर दीजिए।*

*(iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

---

1. एक शालापूर्व शिक्षिका ने चार वर्षीय बच्चों के समूह के लिए एक सप्ताह (पाँच दिनों के लिए) के दौरान निम्नलिखित क्रियाएँ आयोजित करने की योजना बनाई है :

   (i) बाहरी खेल

(ii) गुटकों, मोतियों, पहेलियों, खिलौनों इत्यादि के साथ भीतरी खेल

(iii) भूमिका अभिनय

(iv) ड्राइंग

(v) 'फल' वर्ण्य-विषय पर क्रियाएँ

(vi) पाँच तक संख्या की अवधारणा (एक से पाँच अंकों तक)

(vii) चित्र पठन

(viii) मुक्त वार्तालाप

(ix) बाल कविताएँ और कहानियाँ

(क) ऊपर वर्णित क्रियाओं को शामिल करते हुए शिक्षिका के लिए साप्ताहिक अनुस्ची की योजना बनाइए। प्रत्यक क्रिया सप्ताह में कम से कम एक बार आयोजित की जानी चाहिए। कुछ क्रियाओं को दोहराया भी जा सकता है। प्रत्येक क्रिया के लिए निर्धारित समय-अवधि बताइए। बच्चों का केन्द्र में आना, सभा, अल्पाहार, हाथ-मुँह धोना, प्रस्थान (वापसी) जैसी दैनिक क्रियाओं के लिए भी अनुसूची में समय नियत कीजिए।

अनुसूची बनाने के लिए आप निम्नलिखित फार्मेट का प्रयोग कीजिए : 25

| समय | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 9.00 से 9.30 बजे तक | बच्चों का केन्द्र में आना, सभा तथा योगाभ्यास और बाल कविताएँ | | | | |
| प्रातः 9.30 बजे से 10.00 बजे तक | | | | | |
| प्रातः 10.00 बजे से 10.30 बजे तक | | | | | |
| प्रातः 10.30 बजे से 11.00 बजे तक | | | | | |
| प्रातः 11.00 बजे से 11.30 बजे तक | | | | | |
| प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक | | | | | |
| दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक | प्रस्थान/वापसी | | | | |

(ख) क्रियाओं की अनुसूची बनाने के सिद्धान्तों के आधार पर आपके द्वारा बनाई गई क्रियाओं की अनुसूची के तर्काधार का विस्तार में वर्णन कीजिए। 10

(ग) (i) 'फल' वर्ण्य-विषय पर और (ii) संख्या की संकल्पना (एक से पाँच अंकों तक) प्रदान करने के लिए शिक्षिका जो एक-एक क्रिया आयोजित कर सकती है, वह बताइए। 2½+2½=5

2. (क) "शालापूर्व केन्द्र में बच्चों के सीखने क माध्यम खेल होने चाहिए।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में उदाहरण देते हुए कारण बताइए। 10

(ख) निम्नलिखित प्रत्येक क्रिया विकास के किस प्रमुख क्षेत्र को बढ़ावा देती है। आपके स्पष्टीकरण के लिए पहली क्रिया का उदाहरण दिया गया है : 5

| | **क्रिया** | **विकास का क्षेत्र जिसमें बढ़ावा मिलता है** |
|---|---|---|
| (i) | गेंद के साथ खेलना | स्थूल–क्रियात्मक विकास |
| (ii) | ड्राइंग | |
| (iii) | समान रंग के कार्डों को मिलाना | |
| (iv) | पूर्वानुमान लगाना कि वस्तु जल में डूबेगी या तैरेगी | |
| (v) | छुट्टी वाले दिन के अपने अनुभव बताना | |
| (vi) | भूमिका अभिनय | |

3. (क) उन **पाँच** सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए जिनके द्वारा शालापूर्व शिक्षिका बच्चों की सृजनात्मकता को प्रोत्साहित कर सकती है। 10

   (ख) शालापूर्व बच्चों की विचारशक्ति की किन्हीं **पाँच** विशेषताओं का केवल एक या दो वाक्यों में उल्लेख कीजिए। 5

4. (क) उदाहरण देते हुए प्रथम वर्ष में बच्चे क भाषायी विकास की अवस्थाओं का वर्णन कीजिए। 10

   (ख) कोई ऐसी **पाँच** कार्यनीतियाँ/क्रियाएँ सुझाइए जिन्हें देखभालकर्ता शालापूर्व बच्चे के भाषायी विकास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कर सकतो है। 5

5. आप एक शालापूर्व शिक्षिका हैं और आप पर चार वर्षीय 20 बच्चों के समूह का दायित्व है। केन्द्र में एक मध्यम आकार का कमरा है, जहाँ आपको बच्चों के साथ दैनिक क्रियाएँ करनी होंगी और खेल सामग्री का भण्डारण भी करना होगा। आप इस जगह की व्यवस्था किस प्रकार करेंगे ताकि आप प्रभावी ढंग से बच्चों के लिए सीखने के अवसर प्रदान कर सकें, खेल–क्रियाएँ

आयोजित कर सकें तथा खेल सामग्री का भण्डारण भी कर सकें।

अपने उत्तर के स्पष्टीकरण के लिए आप चित्र भी बना सकते हैं। 15

6. (क) "बच्चे का आक्रामक व्यवहार उसके परिवार से प्राप्त अनुभवों से प्रभावित होता है।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर की पुष्टि के कारण बताइए। 10

   (ख) 'लगाव' क्या है और बच्चे में इसका विकास क्यों महत्वपूर्ण है ? 5

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

   (क) प्रथम दो वर्षों में स्थूल क्रियात्मक विकास के मानदण्ड

   (ख) निर्णायक अवधियाँ

   (ग) बच्चों की प्रगति का मूल्यांकन करना

   (घ) संज्ञानात्मक विकास की संवेदी-क्रियात्मक अवस्था